गाडी की टक्कर से बुजुर्ग मौत

भरतपुर (निस)। चिकसाना थाना क्षेत्र में सडक किनारे खडे एक बाइक सवार बुजुर्ग की थार गाडी की टक्कर में मौत हो गई। मृतक नौह गांव निवासी बिजेन्द्र के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में चिकसाना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। नौह गांव निवासी मृतक बिजेन्द्र के परिजनों ने बताया कि बिजेन्द्र घर से बछामदी जाने के लिए निकला था। जहां नौह पुलिस के पास किसी काम से खडा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे थार गाडी चालक ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी।

टक्कर में बिजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं थार चालक मौका देखकर वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की जानकारी बिजेन्द्र के परिजनों को दी। जिस पर परिजन उसे इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल लेकर पंहुचे। जहां चिकित्सकों ने बृजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। जिस पर शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

घटना की जानकारी मिलने पर चिकसाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

गंगापुर सिटी । सोमवार को 68 वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवीलाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी एवं अध्यक्षता हेमंत शर्मा निर्देशक कुहू इंटरनेशनल स्कूल गंगापुर सिटी ने की। विशिष्ट अतिथि बबलू चौधरी पार्षद नगर परिषद गंगापुर सिटी, कमलेश मीणा, आदिल अहमद, राकेश उपाध्याय, फारूक अहमद, केशव मीणा, संतोष मीणा आदि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवीलाल मीना जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेलों से हमें स्वस्थ और निरोगी रहने में मदद मिलती है। खेलों से हमें सकारात्मक ऊर्जा और सक्रियता मिलती है। खेलों से हमें नैतिकता और अनुशासन का पाठ सिखाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज सेवी हेमेंत शर्मा ने कहा कि खेलों से तनाव कम होना, मूड अच्छा होना, स्वस्थ हड्डियां और मांसपेशियां बनना, और फिटनेस बढना. जैसे शारीरिक लाभ तो मिलते ही हैं साथ ही खेलों में अनुशासन का होना, खिलाडियों को ध्यान केंद्रित करने की शक्ति और शांत रहने में मदद भी मिलती है। खेलों में सफलता से देश को गौरव मिलता है

विजेता खिलाडियो का उत्साहवर्धन करते अतिथी।।

और देश को एक सूत्र में बांधने में मदद मिलती है। इसके उपरांत विजेता उप विजेता एवं तृतीय स्थान पाने वाले खिलाडियों को मेडल निर्णायकों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोमवार को समापन मैंच के दौरान बालक वर्ग में 100 मीटर दौड प्रथम रमन मीणा, द्वितीय हुमायूं खान, तृतीय अफसर, 200 मीटर दौड प्रथम रमन मीणा, द्वितीय अमित रेगर, तृतीय नरोत्तम, 400 मीटर दौड प्रथम अंकित कुमार मीणा, द्वितीय रविंद्र सिंह, तृतीय उदय सिंह, 600 मीटर दौड प्रथम विक्रम सिंह, द्वितीय कुशाल सिंह, तृतीय विवेक, 80 मीटर बाधा दौड प्रथम पंकज, द्वितीय त्रिलोक, तृतीय शिवकुमार, लंबी कूद प्रथम रमन कुमार, द्वितीय पंकज कुमार, तृतीय विशाल कीर, ऊंची कूद प्रथम विकास रेगर, द्वितीय विवेक कुमार, तृतीय अर्पित कुमार बेरवा, गोला फेक प्रथम आशीष कुमार, द्वितीय करण गुर्जर, तृतीय दिलकुश प्रजापत, तश्तरी फेक प्रथम सोहेल खान, द्वितीय अरमान खान, 4 गुना 100 रिले दौड प्रथम विछोच, द्वितीय सीएफएस, तृतीय गुर्जर ठीकरिया रही। वहीं बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड प्रथम खुशबू, द्वितीय पायल, तृतीय निर्मल, 200 मीटर दौड प्रथम खुशबू, द्वितीय सरोज, तृतीय सोनम गुर्जर, 400 मीटर दौड प्रथम नेहा, द्वितीय शिवानी, तृतीय गुंजन महावर, 600 मीटर दौड प्रथम शिवानी, द्वितीय सोनम, तृतीय किरण, 80 मीटर बाधा दौड प्रथम शिवानी, द्वितीय काजल बेरवा, लंबी कूद प्रथम खुशबू, द्वितीय पायल, तृतीय सोनम, गोला फेक प्रथम रोशनी, द्वितीय पायल, तृतीय स्थान पर रिचा रही। अंत में विद्यालय के शफी मोहम्मद शारीरिक शिक्षक ने सभी अतिथियों विशिष्ट अतिथियों भामाशाह सहयोगी निर्णायक एवं अन्य सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। अतिथियों द्वारा ध्वज अवतरण कर राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। निर्णायक मंडल में भुवाल यादव, गोविंद गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, राजेश पलसानिया, जगमीत सिंह, भगत सिंह राजेश, असद अहमद, हरिनारायण प्रजापत, अंकुर राव, रामेश्वर, रामस्वरूप, सुमन, मंजू, सुनीता सोखल, अनीता मीना, उमा शर्मा, मनीष चौधरी, कमलेश मीना, अमित, सचिन आदि शारीरिक शिक्षकों ने सहयोग किया। कार्यक्रम समापन अवसर पर प्रतिभा अग्रवाल, बलराम मीणा, राहुल मीणा, नितिन दीक्षित, केशव सैनी, जयप्रकाश, अनीता मीना, राधा जादौन, गायत्री सहित गणमान्य लोग मोजूद थे।

बरसात व तूफान ने मेले में तबाही मचाई

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर शहर में सोमवार सुबह मौसम खुला था। दोपहर तक धूप खिली हुई थी। दोपहर बाद आई बारिश ने शहर को जमकर भिगोया वहीं तूफान ने तबाही मचाई। गली-सड़कों में जरा सी देरी के बरसाती तूफान के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। वहीं इस बरसात व तूफान ने हीरादास स्थित श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला में जमकर तबाही मचाई। मेले में एक बड़ा हवाई झूला, दूसरे नाव वाले झूले के ऊपर गिर गया। मेले में लगी दर्जनों दुकानों का टैंट और सामान तेज हवा के अंधड में उड़ गया। तेज अंधड़ से जसवंत मेला प्रदर्शनी में नुकसान का व्यापारी अभी तक अंदाजा भी नहीं लगा पाए हैं। तेज हवा के बाद चली बारिश के बाद मौसम में ठंडक भी बढ़ गई। मेले में एकाएक इस बरसाती तूफान के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। व्यापारियों को लाखों का नुकसान होना माना जा रहा है। व्यापारी इस बरसाती तबाही से काफी सदमे में हैं। व्यापारी नुकसान का हिसाब भी नहीं लगा पा रहे। मेले में सर्कस का टैंट धराशाही हो गया। बरसाती तूफान थमने के बाद व्यापारियों के द्वारा अब सामान समेटा जा रहा है। वहीं अन्य झूले भी सुरक्षा को देखते हुए उतारे जा रहे हैं। दुकानों की बल्लियां उखड़ गई। मेले में लगे सीसीटीवी कैमरे टूट गए। वहीं इस बारिश ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। अभी रबि की फसल बुवाई का समय है, जिन किसानों ने सरसों और गेहूं की फसल बो दी है। उन किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण फसल खत्म हो सकती है और जिन किसानों ने फसल नहीं बोई है।

योग नेचुरोपैथी तथा मेडिटेशन पर व्याख्यान

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 एवं आंतरिक शिकायत समिति के अंतर्गत योग नेचुरोपैथी तथा मेडिटेशन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरवीर सिंह द्वारा की गई। प्राचार्य डॉ. हरवीर सिंह द्वारा प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ एवं आईसीसी की संयोजिका प्रोफेसर डॉ. अर्चना सिंह द्वारा अध्यक्ष महोदय का पुष्पगुच्छ प्रदान करके स्वागत किया गया। प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न योग मुद्रा प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न आयामों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

किड्स क्रिकेट लीग के नॉकआउट मैच हुए संपन्न

गंगापुर सिटी । पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यकिमक विद्यालय के खेल मैदान पर नई दिशा सोसाइटी के तत्वाधान में किड्स क्रिकेट लीग का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया। प्रथम दिन चार नॉकआउट मैच संपन्न हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल रहे तथा प्रायोजक किड्स केयर स्कूल के डायरेक्टर अमित जैमिनी रहे। दिन का प्रथम मैच किंग्स इलेवन तथा डेक्कन चार्जर के बीच संपन्न हुआ जिसमें किंग्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 103 रन बनाएं तथा लक्ष्य का पीछा करते हुए डेक्कन चार्जर की टीम प्रारंभ में ही लडखडा गई और केवल 80 रन पर ऑल आउट हो गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच देवांशु सोनी रहे जिन्होंने अपनी बैटिंग तथा बोलिंग से अच्छा प्रदर्शन किया।

दिन का दूसरा मैच जीसीसी डायनेमिक तथा जीसीसी नाइट राइडर्स के बीच हुआ जिसमें नाइट राइडर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और कप्तान के इस निर्णय को पूरी टीम ने सही साबित किया और निर्धारित 10 ओवरों में टीम ने 111 रन बनाए जवाब में जीसीसी डायनेमिक की टीम की शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंत में पूरी टीम 80 रन पर ऑल आउट हो गई। जीसीसी नाइट राइडर्स ने यह मैच 31 रन से जीत लिया और मैन ऑफ द मैच ऋषभ शर्मा रहे जिन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। दिन का तीसरा मैच जीसीसी हंटर तथा मास्टर ब्लास्ट के मध्य हुआ जिसमें जीसीसी हंटर के कप्तान दिव्यराज शर्मा ने अपनी बैटिंग तथा बोलिंग से एक तरफा मैच खेल कर अपनी टीम को जिताया। मैच के मैन ऑफ द मैच भी दिव्यराज शर्मा रहे जिन्होंने शानदार अर्ध शतक लगाया। दिन का अंतिम मैच रॉयल चैलेंजर्स तथा जीसीसी सुपर किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें जिसमें रॉयल चैलेंजर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 62 रन बनाए जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीसीसी सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाजों ने काफी अच्छा प्रयास किया लेकिन उनके आउट होते ही पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई और रॉयल चैलेंजर ने यह मैच 8 रन से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच आयुष रहे।

एस.डी.एम के रीडर को ज्ञापन सौंपा

रूपवास । उपखंड क्षेत्र के लोगों ने सरपंच प्रेमसिंह लोधा व नसरुद्दीन अली की अगुवाई में आरपीएस अधिकारी श्वेता पाठक के खिलाफ जांच करने व फील्ड पोस्टिंग नही देने को लेकर गृहमंत्री के नाम एसडीएम के रीडर को ज्ञापन सौपा। सरपंच प्रेमसिंह लोधा, दिनेश मुदगल, अरुण परमार, नसरुद्दीन अली, राधाकिशन पहाड़पुर, पंच ब्रजेन्द्र जाटव ने सीओ रही आरपीएस अधिकारी श्वेता पाठक के काले कारनामो की जांच करने की बात कही है। इन्होंने आरोप लगाया है। कि पाठक का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार से परिपूर्ण था। उन्होंने दलाल किस्म के लोग पनपा रखे थे। जो कि दहेज हत्या, जानलेवा हमले, एससी एसटी एक्ट के मुकदमो सहित रॉयल्टी वाले, शराब, जुआ, सट्टे, खनन माफियाओं के साथ साथ अवैध कारोबारियों से पैसे उगाने का काम करते हैं। इसको लेकर इलाके के अब तक के सभी विधायकों, सरपंच, पुलिस थाना के आईओ व कर्मचारियों ने राज्य सरकार से की थी। जिस पर राज्य सरकार ने गोपनीय तरीके से जांच कराई। तो पाठक को भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाने पर फील्ड पोस्टिंग से हटाकर हाड़ारानी बटालियन अजमेर में स्थानांतरित कर दिया। इस पर दलाल किस्म के लोगो की दुकान बंद हो गई। वही आरपीएस अधिकारी श्वेता पाठक ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को पति के रूप में भी रख रखा है। जो कि शराब के नशे में फरियादियों से अभद्र व्यवहार करता था। एक दिन इस कथित पति ने आरपीएस अधिकारी श्वेता पाठक को भरतपुर में पुलिस के उच्चाधिकारियों के समक्ष पीट दिया था। इस पर सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व राजस्थान पत्रिका में घरेलू हिंसा की शिकार आरपीएस अधिकारी के नाम से खबर चली। तब अधिकारियों ने ही राजीनामा करवा दिया था। वही दौरदा के लक्ष्मण सिंह मास्टर जो कि आजकल फरार है। उससे सेवानिवृत्ति के दिन गिरफ्तार नहीं करने की एवज में 7 लाख रुपये लिये थे। जिसकी जांच कराई जावे। कई बार एफआईआर में नाम नही होने के बाद भी सभ्रांत नागरिकों को मुलजिम बनाकर पैसा ऐंठा गया है। इस पर गृहमंत्री से ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को सीओ के पद पर नही लगाया जावे। क्योकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी पुलिस के साथ साथ कस्बे का नाम भी खराब करेंगे।

युवक का शव मिला

नदबई भरतपुर (निस)। क्षेत्र के गांव अखैगढ़ में सोमवार सुबह पोखर में युवक का शव तैरता मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को पोखर से निकाला। बाद में शव की शिनाक्त होने पर पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया।

विभागीय सूत्रों की मानें तो गांव अखैगढ़ निवासी रामअवतार जाटव पुत्र सामंता जाटव, विगत दो दिन पहले शराब के नशे में घर से लापता हो गया। बाद में सोमवार सुबह खेत पर कार्य करने जा रहे लोगों को पोखर में युवक का शव तैरता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को पोखर से निकाला। बाद में पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया।

शराब ठेका से एक लाख रुपए की शराब चोरी

नदबई भरतपुर (निस)। नदबई लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव हन्तरा के सरकारी शराब ठेका से अज्ञात चोरों ने देर रात दूसरी बार करीब एक लाख रुपए की शराब चोरी करने की घटना को अंजाम दिया। खास बात है कि, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरें में चोरी की बारदात कैद होने व पुलिस में मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस को अज्ञात चोरों का सुराग तक नही लग सका। विभागीय सूत्रों की मानें तो देर रात हन्तरा निवासी जीतेन्द्र कुमार पुत्र घनश्याम सिंह अपने शराब ठेका को बंद कर अपने घर गया। इसी दौरान अज्ञात तीन युवक शराब ठेका का ताला तोड़ करीब एक लाख रुपए की शराब चोरी कर फरार हो गए। चोरी की बारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुई। जिसमें तीन युवकों ने सरिए से दुकान का ताला तोड़ा। बाद में ुकान में लगे सीसीटीवी को तोड़ते हुए करीब एक लाख रुपए की शराब लेकर फरार हो गए। गौरतलब है कि, करीब एक माह पहले भी शराब ठेका से करीब 50 हजार नगदी सहित शराब चोरी की बारदात हुई। जिसको लेकर पीडित ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन, पुलिस अधिकारियों ने महज औपचारिक जांच पडताल कर इतिश्री कर लिया तो दूसरी ओर पुलिस की ओर से कार्रवाई नही होने के चलते ही अज्ञात चोरों ने बेखौफ होते हुए दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया।

अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति भरतपुर का समिति द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों एवं नव निर्वाचित जिला अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग की अध्यक्षता एवं भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

समिति महामंत्री महेश चंद सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के महामंत्री मुकेश सिंघल, गायत्री शक्तिपीठ पीठ के अध्यक्ष देवेन्द्र चामड, प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी शंकर लाल अग्रवाल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समिति अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश सिंघल, निरंजन प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता आदि ने अतिथियों का दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोजगार परक कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त 71 विद्यार्थियों को समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि अतुल मित्तल ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र भरतपुर ही नहीं अपितु पूरे भरतपुर जिले में विख्यात है। संस्था द्वारा जरूरतमंद को कम्प्यूटर का ज्ञान दिया जाना आज के समय का आवश्यक एवं ऐतिहासिक कार्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने कहा कि आज के व्यस्ततम समय में से समय निकालकर संस्था के सीनियर सिटीजन अग्र बन्धुओं द्वारा जो यह कार्य किया जा रहा है वह युवा पीढी को प्रेरणादायक एवं रोजगार परक है। बिना कम्प्यूटर के आज हर क्षेत्र का कार्य अपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि मुकेश सिंघल ने कहा कि भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा समय-समय पर आप वरिष्ठजनों के माध्यम से युवा पीढी को जो आदर्शात्मक संदेश देना चाह रही है। वह यह समिति निष्ठा, लगन एवं आत्मीयता से पूर्ण कर रही है। महासभा समिति की ।इस कार्यशैली, सयहयोग एवं तन्मयता का आभार व्यक्त करती है एवं भविष्य में समिति के प्रत्येक कार्य में सहयोग करती रहेगी। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र चामड एवं शंकरलाल ने आशा व्यक्त की कि समिति के ऐसे प्रकल्पों से समाज में निश्चित रूप से जागरूकता आवेगी और युवा वर्ग स्वावलम्बी बनेगा। समारोह को शालिनी मित्तल, अध्यक्ष महिला इकाई अग्रवाल महासभा, गिरधारी गुप्ता, जे.पी. अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता, वेदप्रकाश सिंघल, सुरेश गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता आदि अनेक सीनियर रिटीजन उपस्थित रहे।

रामलीला महोत्सव के पात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

भरतपुर (निस)। रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव-2024 के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर पुराना लक्ष्मण जी मंदिर के प्रांगण में समिति व लायंस क्लब रायल्स भरतपुर के द्वारा रामलीला पात्रों की भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। लायंस क्लब रायल्स के डॉ. पवन शर्मा सपत्नीक, अध्यक्ष मंजू गुप्ता, मंत्री सत्यव्रत आर्य सपत्नीक, संरक्षक विनोद सिंघल, ब्रज मोहन गुप्ता द्वारा सभी पात्रों को पटका पहनाकर व भेंट देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इन्हें भी रामलीला समिति की ओर से पटका पहनाकर व स्मृति चिंह भेंट देकर सम्मानित किया गया। समारोह का रेणुदीप गौड द्वारा शानदार संचालन किया गया। समारोह की शुरूआत मंगलाचरण से की गई। समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, योगेश कौशिक, ओमप्रकाश शर्मा, महेश सिंघल, श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, अग्रवाल शोभायात्रा समिति के संयोजक विष्णु लोहिया व लायंस क्लब के अध्यक्षा मंजू गुप्ता, डॉ. पवन शर्मा द्वारा पात्रों के द्वारा किये गये जीवन्त मंचन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इस वर्ष की रामलीला महोत्सव के श्रेष्ठ अभिनय को बारम्बार सराहा। पात्रों में यशु शर्मा, जतिन उपाध्याय, अभिषेक शर्मा, चन्द्रेश कौशिक जिसने पात्रों की तैयारी में भी निर्देशन की भूमिका निभाई, ने अपने विचार रखे तथा अगली बार और अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा जाहिर की। समारोह में श्रीराम बारात के स्वागत में चिंताहरण हनुमान सेवा समिति की ओर से पूर्ण भव्यता के साथ सजाई गई जनकपुरी की सराहना की गई तथा संस्था के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, मंत्री नरेश सिंघल व अन्य सदस्यों का पटका पहनाकर व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। जनकपुरी में राजा जनक, सुनयना के रूप में बने हरीओम बंसल व उनकी पत्नि अरूणा बंसल का पटका पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। समिति द्वारा सभी पात्रों को पटका पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया।

लायंस क्लब रायल्स के डॉ. पवन शर्मा सपत्नीक, अध्यक्ष मंजू गुप्ता, मंत्री सत्यव्रत आर्य सपत्नीक, संरक्षक विनोद सिंघल, ब्रज मोहन गुप्ता द्वारा सभी पात्रों को पटका पहनाकर व भेंट देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

इसी वर्ष से रामलीला समिति से जुडे श्री अग्रवाल शोभायात्रा समिति व नई मण्डी भरतपुर समिति के संयुक्त सहयोग में आयोजित रामलीला समिति के द्वारा नई मण्डी प्रांगण में किये गये रावण वध लीला व रावण दहन में अद्भुत तैयारी की सराहना करते हुए अग्रवाल शोभा यात्रा के संयोजक मोहन मित्तल, विष्णु लोहिया व नई मण्डी समिति के उपस्थित प्रतिनिधि को पटका पहनाकर व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. कप्तान सिंह, डॉ. मनीष चौधरी ने पात्रों द्वारा किये गये जीवन्त मंचन की सराहना कर अलग से पात्रों को भेंट दी गई।

रामलीला समिति अध्यक्ष द्वारा पात्रों को जीवन में श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए अपनी पढाई लिखाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मंत्री डॉ. निर्मल खंडेलवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सार-समाचार

सिंघल बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता

भरतपुर (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने राजस्थान में मीडिया चैनलों के लिये प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बयान देने तथा डिवेट एवं डिस्कशन में भाग लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से अधिकृत प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है, जिसमें भरतपुर जिले से जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल (स्वयं) को अधिकृत प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सिंघल ने अपनी इस नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के ऊर्जावान अध्यक्ष दिनेश सूपा तथा प्रदेश आलाकमान का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सिंघल की इस नियुक्ति पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, सांसद संजना जाटव, महापौर अभिजीत कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, दयाचंद पचौरी, राजू प्रधान, जगदीश बंजी, राजीव कुम्हेर, रामेश्वर सैनी, मनोज शर्मा, अशोक लवानियां, अजयपाल दारापुरिया, विष्णु गुप्ता, लक्ष्मन कैन, सीए अतुल मित्तल, लाखन हींगौली, मनोज पटेल, दीनदयाल जाटव, मेघसिंह पूर्व सरपंच, श्याम सिंह गुर्जर, चन्द्रकेश राजावत, रमेश धावई, मुकुट पंवार, राजेन्द्र सारस्वत, डिगम्बर खटाना, प्रेम प्रजापत, लोकपाल सिंह, पार्षद राकेश पठानियां, मुकेश जाटव आदि कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र नदबई द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के यूनाइटेड किंगडम व जर्मनी प्रवास से वापस पुनः अपनी पावन धरा जयपुर पधारने पर नदवई विधायक कुंवर जगत सिंह के नेतृत्व में 105 गाडियों के साथ जयपुर एयरपोर्ट व भाजपा प्रदेश कार्यालय सरदार पटेल मार्ग जयपुर पहुंचकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया गया।। विधायक जगत सिंह के निजी सचिव सत्येंद्र गुड्डू ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा यूनाइटेड किंगडम व जर्मनी में रायजनिंग राजस्थान के तहत विकसित राजस्थान के लक्ष्य के लिए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर कर राजस्थान के विकास की राह अग्रसर की है। राजस्थान में शीघ्र ही विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रज्जन महुआ, दुर्गेश बूटोंलिया, महावीर डांगुर, उमेश पाराशर, कुशलपाल राजावत, रामकुमार चुरारी, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, अनिल डहरा, विश्वेंद्र रौनीजा, देवेंद्र धनोता, रोहित उपाध्याय, गोपाल सरपंच, अनुराग तमरोली, बहादुर भौसिंगा, शिवराम पाराशर, दिलीप चेयरमैन, गुड्डू खड़ैया, राहुल मदेरणा, चंद्रपाल भातरा, जोगेंद्र बारहमाफी, गोपेश्वर पूनिया, धीरेंद्र बरकौली आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

बीमित को सुपुर्द किया 10 लाख का चैक

करौली (नि.स.) । सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा करौली के प्रबंधक ने बताया कि विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा आज कृषक सहकार दुर्घटना बीमा योजना में बीमित सुशील गुर्जर की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके नॉमिनी ऊधम सिंह निवासी ग्राम ऊंचे का पुरा तहसील व जिला करौली को 10 लाख रूपये का चैक सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर बैंक वरिष्ठ प्रबंधक तुषार खत्री, ऋण पर्यवेक्षक हिण्डौन तेजराम सिंह बैनीवाल, ऋण पर्यवेक्षक करौली हाकिम सिंह गुर्जर सहित अन्य बैक कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा अपने सदस्यों की ऋण वितरण के साथ 292.05 प्रति सदस्य प्रीमियम दर से दुर्घटना बीमा करवाया जाता है इस योजना में दुर्घटना में बीमित की मृत्यु हो जाने पर 10 लाख की राशि नॉमिनी को बीमा क्लेम के रूप में स्वीकृत की जाती है।

खिलाडियों टूर्नामेंट के लिए रवाना

भुसावर भरतपुर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर के खिलाडियो की विभिन्न टीमों को एसके एन कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर पर 22 से 26 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाले अन्तरमहाविद्यालय टूर्नामेन्ट में भाग लेने हेतु खेल प्रभारी डॉ. विनोद भटेष्वर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि इस अन्तरमहाविद्यालय टूर्नामेन्ट में भाग लेने हेतु 55 चयनित खिलाडियों को भेजा गया है। ये खिलाडी महिला व पुरूष वर्ग में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबिल टेनिस, बैडमिण्टन, एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेगें। साथ ही समूह गान व नृत्य, एकल गान व नृत्य, विभिन्न भाषण प्रतियोगिताऐं, रंगोली, नाटक, निबन्ध, क्लेमोडलिंग आदि प्रतियोगिता के लिए भी खिलाडियों को भेजा गया है। डॉ. उदय भान सिंह ने खिलाडियों को आत्मविष्वास, समर्पण एवं टीम भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। खिलाडियों के साथ सांस्कृतिक सचिव डॉ. मोहित कुमार व राहुल कुमार को टूर्नामेन्ट की विभिन्न व्यवस्थाओ को सम्भालने के लिए भेजा गया है। बस में भुसावर से जोबनेर जाते वक्त खिलाडी उत्साह से परिपूर्ण नजर आ रहे थे।

आरोपी कल्ला को गिरफ्तार किया

भरतपुर (निस)। उद्योगनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर रिको एरिया स्थित पीएनबी बैंक में 12 जनवरी को बैक में दिनदहाडे लूट करने के मामले में आरोपी कल्ला उर्फ कारू उर्फ लक्ष्मण को गिरफतार किया गया। आरोपी के विरूद्व जानलेवा, डकैती, लूट, चोरी, फायरिंग के करीब आधा दर्जन प्रकरण पंजीबद्व है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर मुख्यालय लालचन्द कायल व वृताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरविजन में थानाधिकारी हनुमान सहाय मय गठित टीम द्वारा थाना उद्योगनगर के प्रकरण में न्यू रीको पीएनबी बैंक से 24380 रूपये लूट कर ले जाने के मामले में आरोपी कल्ला उर्फ कारूआ उर्फ लक्ष्मण पुत्र सुरेश जाति जाटव उम्र 31 साल निवासी जाटव मौहल्ला बिलोनी थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफतार किया है। इस मामले में पुलिस दो लोगों को पहले ही बापर्दा गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। चिकसाना पुलिस द्वारा कार्यवाही कर नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में 4 साल से वांछित चल रहा 5000 रूपये का ईनामी स्थाई वारंटी सोनू को गिरफतार किया। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश यादव व वृत्ताधिकारी वृत्त ग्रामीण आकांक्षा के सुपरवीजन में थानाधिकारी देरावर सि